व्यापार उद्योग मण्डल द्वारा बताई समस्याओं का शीघ्र समाधान करायेंगे : जुगल राठी

बीकानेर, (कासं)। व्यापार उद्योग मण्डल के अध्यक्ष जुगल राठी ने व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण एवं समाधान हेतु बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'समस्या से समाधान की ओर' के तहत एसोसिएट संस्था राजस्थान उद्योग मण्डल एवं बीकानेर डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय परिसर में बैठक की।

इस अवसर पर राठी ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद से ही निरन्तर एसोसिएट संस्थाओं से वार्ता एवं चर्चा करने पर व्यवसायिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के विकास में आ रही बाधाओं की जानकारी मिल रही है। इनके त्वरित निस्तारण हेतु व्यापार मण्डल इनका संकलन कर जिला प्रशासन अथवा संबंधित विभाग को प्रेषित कर लगातार फीडबैक लेकर निस्तारित करवाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 'समस्या से समाधान की ओर' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें तीन से चार एसोसिएट संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा की जायेगी।

जिला प्रशासन व स्थानीय जन प्रतिनिधियों का आभार भी व्यक्त करता हूं कि बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल द्वारा बताई गई समस्याओं का शीघ्र समाधान हेतु वे भी प्रयासरत है। इस बैठक में राजस्थान उद्योग मण्डल के अध्यक्ष सुभाष मित्तल ने बीकानेर में यातायात व्यवस्था के मुद्दे पर कहा कि बीकानेर शहर में यातायात व्यवस्थाएं सुचारू नहीं होने के कारण आम नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

रानी बाजार चौराहा जो बीकानेर शहर का हृदय स्थल है वहां यातायात कर्मियों की उपस्थिति नहीं रहती है। वीआईपी मूवमेंट होने पर बीकानेर की यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुव्यवस्थित रहती है। किन्तु आम नागरिकों के आवागमन में यह व्यवस्था बहुत ही दयनीय रहती है। बीकानेर डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव किसन लाल जोशी एवं प्रतिनिधि नन्दलाल पुरोहित ने दवा विक्रेताओं को हो रही समस्याओं से अवगत करवाते हुए बताया कि प्रशासन की सख्ती की वजह से दवा विक्रेताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिसकी जांच करवायी जाए। राजस्थान उद्योग मण्डल के हर्ष कंसल ने बताया कि बीछवाल से करणी इण्डस्ट्रियल एरिया की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग पर रेलवे फाटक है, जिसके कारण माल परिवहन एवं आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बीकानेर के औद्योगिक विकास के लिए उस स्थान पर आरओबी का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है एवं इसी मुख्य मार्ग पर अंधेरा रहता है। इसलिए यहां रोड़ लाइट की भी आवश्यकता है। बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल के सचिव संजय कुमार जैन ने आगन्तुकों का आभार जताया। एसोसिएट संस्था के प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि व्यापारियों द्वारा अवगत करवायी गई समस्याओं के शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करवाने के सार्थक प्रयास किए जायेंगे। इस बैठक में सुशील कुमार यादव, राजेश गोयल, विजय कुमार जैन, राम अरोड़ा, रामदयाल सारण, मनोज कल्ला एवं अन्य उपस्थित थे।



'समस्या से समाधान की ओर' कार्यक्रम के तहत एसोसिएट संस्थाओं की बैठक को व्यापार उद्योग मण्डल के अध्यक्ष जुगल राठी ने संबोधित किया।

- व्यापार मण्डल समस्याओं का संकलन कर जिला प्रशासन अथवा संबंधित विभाग को भेजकर समाधान करायेगा

जैनाचार्य धुरंधर महाराज का 8 को नगर प्रवेश

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ के जैनाचार्य धर्म धुरन्धर महाराज अपने सहवृति मुनियों के साथ 8 अप्रेल को नगर प्रवेश करेंगे। जैनाचार्य की सांसारिक माताजी साध्वी अमित गुणा आदिठाणा 6 बीकानेर पहुंच चुके हैं। उनका बीकानेर जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्रीसंघ, कोचर फ्रैंड्स क्लब सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने वंदन अभिनंदन किया।

जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ के अध्यक्ष रिखब सिरोहिया ने बताया कि माताजी महाराज के रूप में लोकप्रिय अमित गुणा महाराज पिछले 40 वर्षों के बाद बीकानेर पहुंची है। वहीं आचार्य धर्म धुरन्धर महाराज, उनके साथ धर्म कीर्ति विजय मुनि, ऋषभ चन्द्र विजय मुनि, धर्मबोद्धि विजय व महाभद्र विजय मुनि 15 वर्षों के बाद वल्लभ नगरी के रूप में पहचान रखने वाली बीकानेर की धरा पर पहुंच रहे हैं।

संघ के मंत्री विजय कोचर ने बताया कि जैनाचार्य धर्मधुरन्धर महाराज, साध्वीवृंद की नगर प्रवेश की शोभायात्रा 8 अप्रेल को गोगागेट वल्लभ चौक के पास स्थित गौड़ी पार्श्वनाथ से रवाना होकर रांगड़ी चौक की तपागच्छीय पौषधशाला पहुंचेगी जहां धर्मसभा होगी। जैनाचार्य धुरन्धर महाराज 9 को गंगाशहर के तेरापंथ भवन में होने वाले नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप में शामिल होंगे।

सार-समाचार

हेरोइन-अफीम जब्त, 37 गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीआईजी गौरव यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत पुलिस ने कई स्थानों से मादक पदार्थ बरामद किए हैं। जवाहर नगर थाना पुलिस ने विशाल से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की। चुनावगढ़ थाना पुलिस ने गुलाब सिंह से 5.89 ग्राम हेरोइन जब्त की। लालगढ़ जाटान थाना पुलिस ने प्रेम कुमार से 7 ग्राम हेरोइन बरामद की। सादुलशहर थाना पुलिस ने रविदत्त से 3.52 ग्राम हेरोइन और एक बाइक जब्त की। पदमपुर थाना पुलिस ने जसकरण सिंह से 5.62 ग्राम हेरोइन और बाइक बरामद की। श्री विजयनगर थाना पुलिस ने हेमचंद उर्फ ख्यालीराम से 100 ग्राम अफीम जब्त की। केसरीसिंहपुर थाना पुलिस ने गुरमीत सिंह उर्फ निका से 5 किलो 92 ग्राम डोडा पोस्त डंठल बरामद किया। कोतवाली थाना पुलिस ने सोमनाथ से 180 प्रोगैबलिन कैप्सूल जब्त किए। इसके अलावा करणपुर थाना पुलिस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी बाबा से एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद की। कोतवाली थाना पुलिस ने सन्नी से एक अवैध धारदार लोहे का कृपाण, पुरानी आबादी थाना पुलिस ने रामस्वरूप से एक अवैध तलवार और अनूपगढ़ थाना पुलिस ने कुंदन से एक धारदार तलवार बरामद की। सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। अभियान के तहत पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत भी कार्रवाई करते हुए अवैध 02 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने अन्य एक्ट 126, 135(3) बीएनएसएस में निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 6 जनों को पकड़ा है। वहीं, शांति भंग की आशंका में 31 जनों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत 36 व्हीकल का चालान और सीज की कार्रवाई भी की गई है।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा

बीकानेर, (कासं)। अंधी, अपंग व दुर्घटनाग्रस्त गौमाताओं की सेवा निमित्त पूगल रोड स्थित माखन भोग में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ हो गया। सुबह लगभग 11 बजे सिर पर कलश रखकर सैकड़ों महिलाएं बंगला नगर स्थित हीरेश्वर महादेव मंदिर से हरिनाम संकीर्तन के साथ कथा स्थल माखन भोग पहुंची। नंदनवन गौशाला के संत सुखदेव महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करते हुए कहा कि मन बहुत चंचल होता है, सब स्थितियां मन से ही जुड़ी हैं। मन ही मनुष्य के बंधन का और मन ही मनुष्य के मोक्ष का कारण है। सुखदेव महाराज ने कहा कि हम अधिक सुविधा प्राप्त करने के बाद भी अशांति नहीं त्याग पाते हैं, हमारा मन विचलित रहता है दूसरों को देखकर, जब तक हम दूसरों की तरफ देखकर चलना पसंद करेंगे तब तक सुख नहीं आ सकता। हमें परिवर्तन लाना होगा। आयोजन से जुड़े घनश्याम रामावत ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में पौथी पूजन यजमान मुकेश आचार्य परिवार द्वारा किया गया। आरती में साध्वी सुशीला बाई, द्वारकाप्रसाद राठी, सुशील राठी, भंवर सिंह राजपुरोहित, सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। रामावत ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समय दोपहर 1 से 4 बजे तक रहेगा। गुरूवार को कथा में भगवान सुखदेव का जन्म वृतांत और पितामह भीष्म व श्रीकृष्ण संवाद सुनाया जायेगा।

निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

झुंझुनूं । सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनू द्वारा संचालित राणी सती रोड स्थित तुलस्यान बंसल सेवा सदन में द्वितीय फ्लोर पर आठ कमरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ गुरुवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राजकुमार तुलस्यान, कोषाध्यक्ष उत्तम अशोक तुलस्यान, ट्रस्टी अशोक भरत तुलस्यान, आशीष श्रीमोहन तुलस्यान एवं डॉ. डीएन तुलस्यान ने पूजा अर्चना करवाई। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी कृष्ण मुरारी तुलस्यान ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य का कॉन्ट्रैक्ट नितेश मोरवाल सुपुत्र राधेश्याम मोरवाल ठेकेदार को दिया गया है। विदित है कि तुलस्यान बंसल सेवा सदन शहर के मध्य में रानी सती जी मंदिर के समीप स्थित है। जहां ओपन ठाउंड स्टेज के साथ एसी बैंक्विट हॉल, सात एसी कमरे, किचन के साथ, लिफ्ट की सुविधा, पार्किंग की सुविधा एवं एक बड्डा रसोई घर बना हुआ है। यह भवन शादी विवाह, मैरिज एनिवर्सरी एवं बर्थडे पार्टी, धार्मिक आयोजन कथा भागवत, शिक्षा सेमिनार आदि सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान है। उपरोक्त भवन का लोकार्पण दिसंबर 2023 में किया गया था। जब से लेकर आज तक उचित शुल्क पर सभी वर्ग के लोगों के उपयोग में आ रहा है।

खुशी-9 अभियान का शुभारंभ

झुंझुनूं राजस्थान पुलिस ने लापता हुए बच्चों को ढूंढने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। ताकि बच्चे भी परिवार में वापिस आकर और परिवार भी अपने बच्चों को वापिस पाकर खुशी के पल जी सके। इसलिए राजस्थान पुलिस ने खुशी-9 अभियान शुरू किया है। जिसके तहत झुंझुनूं में भी इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। झुंझुनूं जिले के विभिन्न थानों में करीब 26 ऐसे बच्चों को चिह्नित किया गया है। जो काफी समय से लापता है। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि डीआईजी शरद चौधरी के नेतृत्व व निर्देशन में एक अप्रेल से अभियान खुशी-9 शुरू कर दिया है। पहले तीन दिनों में हम लापता हुए चार बच्चों को दस्तयाब कर चुके है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाकर इन परिवारों को खुशी देने का काम किया जाएगा। इसके लिए हर थाना स्तर पर एसएचओ के नेतृत्व में टीम बनाई है। साथ ही साइबर सैल की सहायता भी इन सभी थानों में मुहैया होगी। ताकि अधिक से अधिक बच्चे दस्तयाब किया जा सके। उन्होंने बताया कि हर दिन इस अभियान की मॉनेटरिंग की जा रही है। आपको बता दें कि राजस्थान पुलिस के एडीजी ह्यूमन राइट्स के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान शुरू किया गया है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

झुंझुनूं । जिले की चिडावा पंचायत समिति के किशोरपुरा गांव में आम रास्ते पर दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में प्रभावित ठाामीणों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत की है। गांव के लोगों ने बताया कि किशोरपुरा के वार्ड नंबर एक में एक व्यक्ति द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पहले भी रास्ता बंद करने की कवायद की गई थी।

रोडवेज बस का टायर फटने से बुजुर्ग महिला गंभीर घायल

अनूपगढ़, (कासं)। श्रीगंगानगर से अनूपगढ़ जा रही रोडवेज बस का नेशनल हाईवे-911 पर गांव 87 जीबी के पास अचानक पिछला टायर फट गया। हादसे में टायर के ऊपर वाली सीट पर बैठी 60 वर्षीय काली देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

काली देवी को पैर में फ्रैक्चर होने के कारण अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय से श्रीगंगानगर के हायर सेंटर रेफर किया गया। हादसे में तीन अन्य यात्री- बीएसएफ जवान की पत्नी सुमन, काव्य और नैनी (दोनों 1-2 वर्ष की बच्चियां) को मामूली चोटें आई। काली देवी ने बताया कि वे रायसिंहनगर से अपनी बहू और दो छोटे बच्चों के साथ वापस लौट रही थी। बस में भीड़ अधिक होने के कारण एक यात्री ने उन्हें बाएं टायर के ऊपर वाली सीट दे दी। टायर फटने से बस का लोहे का फ्लोर उखड़ गया, जो उनके पैर पर लगा।

डॉक्टर्स ने बीएसएफ जवान की पत्नी सुमन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। दोनों बच्चियों की स्थिति स्थिर है और उन्हें परिजन अपने साथ ले गए।

अनूपगढ़ रोडवेज आगार के मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि यह अनूपगढ़ डिपो की बस थी, जो श्रीगंगानगर से अनूपगढ़ जा रही थी। एनएच-911 पर गांव 87 जीबी के पास अचानक पिछली तरफ बाएं साइड का टायर फट गया। शुरूआती जांच में गर्मी के कारण टायर के अंदर लगे स्टील वायर टूटने से टायर फटने की आशंका है। हादसे के बाद यात्रियों को अन्य बस से उनके गंतव्य तक भेजा गया। बस की फिटनेस 2026 तक मान्य है।

इसके बावजूद अनूपगढ़ डिपो की रोडवेज बसों के आगे के टायर बदले नहीं गए। निगम द्वारा स्थानीय डिपो को नए टायर कम संख्या में उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे डिपो को मजबूरन पुराने टायरों पर रबर चढ़वाकर इस्तेमाल करना पड़ता है। यह हादसों का कारण बन रहा है। जयपुर हेड ऑफिस को चाहिए कि स्थानीय डिपो को पर्याप्त संख्या में नए टायर उपलब्ध कराए जाएं ताकि टेम्परेरी समाधान से बचा जा सके।

चैन स्नेचरों से परेशान : श्रीगंगानगर में आवारा श्वानों द्वारा शहरवासियों पर हमला कर जख्मी करने, नशेडियों व चैन स्नेचरों द्वारा दिनदहाड़े मोबाइल व कीमती सामान छीनने, बाइक चोरों की सक्रियता बढ़ने तथा उठाईगीरों द्वारा दुकानों के बाहर से कीमती सामान उठाने जैसी आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ने से आमजन एवं दुकानदारों का जीना दूभर हो गया है। इस मुद्दे को लेकर विभिन्न संगठनों व जागरूक नागरिकों द्वारा कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया गया था।

- नेशनल हाईवे-911 पर गांव 87 जीबी के पास अचानक पिछला टायर फटने से हुआ हादसा
- तीन अन्य को भी मामूली चोटें आई

हनुमान जयंती तैयारी जोरों पर

बीकानेर, (कासं)। राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता ने गुरूवार को शास्त्री नगर की वीर हनुमान वाटिका में 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों की शुरूआत हनुमान की स्तुति, वंदना से शुरू करवाई।

इस अवसर पर वीर हनुमान वाटिका समिति की सचिव पूर्व पार्षद छाया गुप्ता, सचिन गुप्ता, स्वयंसेवक संघ, मार्केण्डेय नगर की अम्बेडकर बस्ती प्रमुख शिव सोनी सहित मोहल्ले के अनेक श्रद्धालु मौजूद थे। उन्होंने सर्किट हाउस में हनुमान जयंती का पोस्टर व बैनर का भी लोकार्पण किया।

वीर हनुमान वाटिका समिति की सचिव पूर्व पार्षद छाया गुप्ता ने बताया कि गुरूवार से ही मंदिर में सफाई, रंग रोगन का कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को शास्त्रीनगर वासियों की ओर से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य समारोह शिव बाड़ी में लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद भारती के सानिध्य में 12 अप्रैल को होगा। हनुमानजी की प्रतिमा का सिन्दूर से अभिषेक कर श्रृंगार किया जायेगा।

सत्रह मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

बीकानेर, (कासं)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर सत्रह मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलम्बित एवं एक का निरस्त किया गया है।

अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ स्थित अभिषेक हेल्थ केयर का अनुज्ञापत्र 14 अप्रैल को एक दिन के लिए, जवाहर नगर स्थित नीलकंठ मेडिकोज का अनुज्ञा पत्र 15 से 17 अप्रैल 3 दिनों के लिए, रीको करणीनगर एग्रीजॉन स्थित बीकाजी मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 14 से 18 अप्रैल 5 दिनों के लिए, रानीबाजार स्थित दुर्गा मेडिकल्स का अनुज्ञापत्र 4 से 10 अप्रैल 7 दिनों के लिए, श्रीडूंगरगढ़ स्थित आदिल मेडिकल एंड जनरल स्टोर, घड़सीसर रोड स्थित बिस्मे रबी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, आरडी 682 स्थित बीकानेर मेडिकल स्टोर, डागा बिल्डिंग स्थित डेली केयर फार्मेसी एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 14 से 23 अप्रैल तथा घड़सीसर स्थित एम. आई. मेडिकोज, हॉस्पिटल रोड नोखा स्थित नामदेव मेडिकल स्टोर के अनुज्ञापत्र 16 से 25 अप्रैल तक 10 दिनों के लिए, रावला तिराहा खाजूवाला स्थित गुरु नानक दवा सेवा केन्द्र का अनुज्ञापत्र 4 से 18 अप्रैल एवं सादुलगंज स्थित ग्लोबल मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 14 से 28 अप्रैल तक 15 दिनों के लिए, रोझा स्थित अमित मेडिकोज, पूगल स्थित भारत मेडिकल स्टोर के अनुज्ञापत्र 14 अप्रैल से 1 मई तक 18 दिनों के लिए, बज्जू स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 14 अप्रैल से 3 मई तक 20 दिनों के लिए, श्रीडूंगरगढ़ स्थित जे. एम. मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 15 अप्रैल से 4 मई तक 20 दिनों के लिए निलंबित किया गया है।

बीठनोक स्थित जय भवानी मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 16 अप्रैल से 5 मई तक 20 दिनों के लिए अनुज्ञापत्र निलंबित किए गए हैं।

- जांच में अनियमितता पाये जाने पर की कार्रवाई

देसी कपास आरजे-542 किस्म की बीज किट बांटी

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारतीय किसान संघ ने कृषि अनुसंधान केन्द्र की ओर से अखिल भारतीय समन्वयक कपास अनुसंधान परियोजना के तहत 25 प्रगतिशील किसानों को कपास का देशी बीज आरजे-542 की किट वितरित की।

भारतीय किसान संघ के बीज प्रमुख कुलजीत सिंह ने बताया कि कृषि अनुसंधान केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को वितरित कपास का देशी बीज आरजे-542 आरजे-8 का संशोधित रूप है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों से कपास के बीटी बीज में गुलाबी सुंडी का प्रकोप ज्यादा होने से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा तथा गुणवत्तायुक्त बीटी बीज की उपलब्धता पर भी हमेशा संशय बना रहता है। भारतीय किसान संघ जेनेटिक मॉडिफाइड (जीएम) बीज का विरोध करता आया है। देशी बीज एवं पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करता आ रहा है। इससे जीरो बजट खेती को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ किसान अपने स्तर पर बीज तैयार कर सकता है।

इससे किसानों को फायदा होगा एवं खेती योग्य भूमि को भी कीटनाशक व पेस्टीसाइड के नुकसान से बचाया जा सकता है। देश बीज व पारम्परिक खेती को बढ़ावा मिलने से किसान की जीएम बीज के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों पर निर्भर होने से भी बचेगा।

पड़ौसी पर चोरी का संदेह

श्रीगंगानगर, (कासं)। बंद मकान में करीब दो माह पहले हुई चोरी को लेकर पुरानी आबादी थाने में अब मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इसमें पड़ौसी पर ही चोरी का आरोप लगाया।

पीड़िता लेबर कॉलोनी मकान सी 58 निवासी सुनीता पुत्री मुखराम स्वामी ने पुलिस को परिवाद दिया है। इसमें पीडिता ने बताया कि वह आंगनबाड़ी केन्द्र में सेवाएं देती है। घटना के दिन 6 फरवरी को वह आंगनबाड़ी केन्द्र गई थी। सुबह 10 से 2 बजे के बीच मकान में कोई नहीं था। इस दौरान किसी ने मकान में रखे बेटी के शगुन के 47 हजार रूपए नकदी, 3 जोड़ी पायल और दो मोबाइल फोन चुरा लिए। पीडिता को अब पता चला है कि उसका पड़ौस में रहने वाले रवि कुमार ने यह चोरी की है।

श्री दुर्गा मंदिर शक्तिपीठ में मां को गुड़ व फलों का भोग

श्रीगंगानगर, (कासं)। चैत्र नवरात्र का समय चल रहा है। ऐसे में भक्तजन माता रानी को खुश करने के लिए उन्हें लड्डू, पेड़े, बर्फी सहित 56 पकवानों का भोग लगाते हैं। सूरतगढ़ रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर शक्ति पीठ में मां दुर्गा को गुड़ व फलों का महाभोग लगाया जाता है। यह परंपरा बीते कई वर्षों से चली आ रही है।

मंदिर के पुजारी कृष्ण खंडेलवाल ने बताया कि बाजार में मिलावटी मिठाईयों के चलते मां को गुड़ व फलों का भोग लगाने की परंपरा कई साल पहले शुरू की थी। इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने भी इसे सराहा। श्रद्धालु मां के लिए घर पर तैयार हलवा, खीर आदि प्रसाद बनाकर लेकर आते हैं। बाजार की मिठाईयों को गर्भगृह में प्रवेश नहीं करवाते हैं।

अपनी मनोकामनाएं लेकर श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। यहां नारियल व चुनरी चढ़ाकर मां दुर्गा से अपनी इच्छा मांगते हैं। मंदिर के बाहर नारियल बांधने की भी व्यवस्था की गई है। इसलिए इस मंदिर को लोग मनोकामना पूर्ण मंदिर के नाम से भी जानते हैं।

इस मंदिर में सालभर लोग अपनी-अपनी इच्छा लेकर आते हैं। मनोकामना पूरी होने पर पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-पाठ करते हैं। पुजारी कृष्ण खंडेलवाल ने बताया कि 14 साल पहले होमलैंड सिटी के साथ ही मां दुर्गा के मंदिर की स्थापना की गई थी। इसके बाद से यहां निरंतर पूजा-अर्चना हो रही है।

- बाजार में मिलावटी मिठाईयों के चलते मां को गुड़ व फलों का भोग लगाने की परंपरा कई साल पहले शुरू की थी

साहित्य संगीत और कंप्यूटर में रोजगार की अपार संभावनाएं : किराडू

- केरियर प्रदर्शनी का आयोजन

बीकानेर, (कासं)। विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जवाहर नगर स्थित रमेश इंग्लिश स्कूल में आज केरियर प्रदर्शनी का आयोजन किया।

नगेंद्र नारायण किराडू ने बताया कि साहित्य में रोजगार की अपार संभावनाएं है। आप किसी भी भाषा में महारत हासिल करके रोजगार एवं स्व रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि साहित्य विषय को पढ़कर समझकर आप अनुवादक, प्रूफ रीडर,एडिटर, स्क्रीप्ट राइटर बनकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं और सरकारी नौकरियों की भी अपार संभावनाएं है।

वार्ता के इस दौर में यू.इ.बी.के प्रतिनिधि नगेन्द्र किराडू ने बताया कि समर्पण भाव, अनुशासन और जूझने की क्षमता अगर किसी में है तो वह किसी भी परीक्षा में सफल हो सकता है। उन्होंने बताया कि हमें सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना पड़ेगा तो सफलता आपके अवश्य कदम चूमेगी। पेन के बिना गेन नहीं होता। इस अवसर पर अमिताभ हर्ष ने बताया कि कैरियर वार्ताओं से हमें क्या करना चाहिये, कब करना चाहिये और कैसे करना चाहिये। इसकी पूरी जानकारी हमें प्राप्त होती है। साथ ही छात्र-छात्राओं की अनेक समस्याओं का समाधान भी प्राप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि कैरियर वार्ताएं एवं कैरियर प्रदर्शनी विद्यालय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए लगन एवं एकाग्रता की आवश्यकता होती है। उन्होंने अनेक ऐसे उदाहरण दिए कि जिनसे लोगों ने अपनी क्षमता के बल पर रोजगार और स्वरोजगार को प्राप्त किया। इस अवसर पर आर. इ. एस. विद्यालय के पुनीत सर ने कम्प्यूटर के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान समय कम्प्यूटर व सोशल मीडिया का है। इसमें आप पारंगत होकर रोजगार एवं स्वरोजगार दोनों प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन सविता जोशी ने किया।

रमेश इंग्लिश स्कूल में नगेन्द्र नारायण किराडू ने केरियर प्रदर्शनी में बच्चों को संगीत, साहित्य व कम्प्यूटर में रोजगार की जानकारी दी।

- अनुवादक, प्रूफ रीडर,एडिटर, स्क्रीप्ट राइटर बनकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं

वक्फ संशोधन बिल पेश होने पर बांटी मिठाई

झुंझुनूं । केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल पेश करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के रोड नंबर एक पर मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मुबारकबाद दी। मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल से वक्फ भूमि के दुरूपयोग और अवैध कब्जे को रोकने में मदद मिलेगी। जिससे वक्फ बोर्डों के राजस्व में वृद्धि होगी। इससे उन्हें कल्याणकारी कार्यक्रमों का विस्तार करने में मदद मिलेगी। नियमित लेखा परीक्षा और निरीक्षण से वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा और वक्फ प्रबंधन से जनता का विस्वास मजबूत होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आवास और आजीविका सहायता के लिए धन आवंटित किया जाएगा। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सीधा लाभ होगा और मुस्लिम महिलाओं को बड़े पैमाने पर सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर मोर्चे के जिला महामंत्री लुकमान खान गांगियासर, रुस्तम अली कांट, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, भाजपा नेता आजम राठौड़, हाजी मोहम्मद अय्यूब, उस्मान गनी लादूसरिया, अब्दुल वाहिद अब्बासी, मोहम्मद शरीफ राइन, मोहम्मद तौफीक भीमसरिया, सद्दाम खान यूपी वाले, मोहम्मद सलीम गुढा, शाहिद फारूकी, मुस्लिम खान मीर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।**झुंझुनूं** । केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल पेश करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी।

केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल पेश करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी।